प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- गिरिडीह में अनाज घोटाला मामले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई, कालाबाजारी के आरोपी संवेदक रामजी पांडेय के घर और गोदाम समेत कई ठिकानों पर छापेमारी।

2- आंतकी संगठन अलकायदा के चार संदिग्धों के साथ फिर रांची पहुंची दिल्ली पुलिस, नकटा पहाड़ पर आंतकवादियों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण, हथियारों की भी तलाश की गयी।।

3- पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन का दावा– पूरे झारखंड में है सत्ता विरोधी लहर, आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा पूर्ण बहुमत।

4- पलामू की एक अदालत ने हत्या के मामले में पांच दोषियों को सुनायी उम्रकैद की सजा, 10–10 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया।

5- पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, 20 पदकों के साथ भारत ने अब तक का किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

****

केंद्रीय जांच एजेंसी–सीबीआई ने गिरिडीह में अनाज घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई की टीम ने आज एफसीआई से जुड़े संवेदक रामजी पांडे के घर और गोदाम में दबिश दी है। सीबीआई की एक दूसरी टीम एफसीआई गोदाम संचालक संजय शर्मा के घर भी छापेमारी की।

अभी–अभी खबर मिली है कि थोड़ी देर पहले केन्द्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी खत्म हो गयी है। सीबीआई के अधिकारी अपनी जांच पूरी कर वापस लौट गये हैं।

****

आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े चार संदिग्धों के साथ एक बार फिर दिल्ली पुलिस रांची पहुंची है। दिल्ली पुलिस की टीम ने रांची के चान्हों प्रखंड के नकटा पहाड़ का भौतिक नरीक्षण किया। बताया जाता है कि डा. इश्तियाक अहमद ने इसी पहाड़ पर आंतकी प्रशिक्षण शिविर चलाया था। झारखंड एटीएस के साथ पहुंची दिल्ली पुलिस ने इस दौरान ट्रेनिंग से जुड़े साक्ष्य भी जुटाये और हथियारों की भी तलाश की। गौरतलब है कि दिल्ली एटीएस ने 22 अगस्त को रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में छापेमारी कर डा. इश्तियाक अहमद समेत आठ संदिग्धों को हिरासत में लिया था।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल होने के बाद से कोल्हान क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं और जन समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। जमशेदपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में सत्ता विरोधी लहर है। श्री सोरेन ने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनायेगी।

श्री सोरेन ने यह भी बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमशेदपुर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां श्री मोदी का सरकारी कार्यक्रम के साथ–साथ पार्टी नेताओं के साथ संवाद का भी कार्यक्रम है। श्री सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से झारखंड भाजपा को और ताकत मिलेगी।

****

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर झारखंड में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि वे बांग्लादेशी घुसपैठ का झूठा प्रचार कर जनता को दिग्भ्रमित

कर रहे हैं। श्री तिर्की ने कहा कि श्री सरमा को एचईसी के बंद होने और सरना धर्म कोड के मामले पर भी जवाब देना चाहिए।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दक्षिणी छोटानागरपुर प्रमंडल की लाभुकों के बीच मंइयां सम्मान योजना के तहत राशि उनके खाते में हस्तांतरित करेंगे। इस सिलसिले में रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा की लाभुक शामिल होंगी।

****

उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए दौड़ की प्रक्रिया अब सुबह पांच बजे से नौ के बीच होगी। इस दौरान प्रतिदिन पन्द्रह सौ अभ्यर्थियों को ही बुलाये जाने की तैयारी है। पुलिस मुख्यालय द्वारा चयन पर्षद के अध्यक्षों के साथ बैठक कर एक दो दिनों में इस पर निर्णय लिये जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर पांच सितंबर तक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गयी है।

****

विश्व बैंक ने कहा है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का मध्यम अवधि दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकास दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस याचिका में श्री कोड़ा ने कोयला घोटाला मामले में सजा पर रोक लगाने का आग्रह किया है ताकि वह आगामी विधानसभा चुनाव लड़ सकें।

****

पलामू जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के एक मामले में पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। दोषियों पर दस–दस हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं चुकाने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2017 में जमीन विवाद में दोषियों ने एक व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या कर दी थी।

****

गढ़वा जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

****

पेरिस पैरालिंपिक में भारत के कुल पदकों की संख्या 20 हो गई है। भारत का पैरालिंपिक के इतिहास में अब तक का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने तोक्यो पैरालिंपिक खेलों में 19 पदक जीते थे। भारतीय दल आज कई प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेगा।

******समाप्त************